आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :287 पृष्ठ -4 दिनांक 15 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार

# बहराइच हिंसा पीड़ित परिवार से आज मिलेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ, बवाल में चली गई थी एक शख्स की जान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच की घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। साथ ही डीजीपी प्रशांत कुमार कुमार से घटना को लेकर बात की। वहीं सीएम योगी के निर्देश पर एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश और गृह सचिव संजीव गुप्ता ग्राउंड जीरो पर पहुंच.।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच हिंसा के पीड़ित परिवार से मंगलवार को मुलाकात करेंगे। मृतक रामगोपाल का परिवार मुख्यमंत्री से मिलने के लिए लखनऊ रवाना हो गया है। विधायक महसी सुरेश्वर सिंह पुलिस और पीएसी टीम के साथ गांव पहुंचे थे। कुछ देर पहले परिवार विधायक के साथ लखनऊ रवाना हो गया है।बता दें कि हिंसा में रामगोपाल मिश्रा की गोली लगने से मौत हो गई थी, जिसके बाद सांप्रदायिक माहौल बिगड़ता चला गया और इसकी चपेट में ग्रामीण इलाके भी आ गए। योगी मंगलवार को पीड़ित परिवार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेंगे।हिंसा की आग में जला बहराइचदुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा और युवक की हत्या के बाद सोमवार को बहराइच जल उठा। शव गांव पहुंचने पर लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। आक्रोशित भीड़ ने शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लाठी–डंडे लेकर कस्बे में घुसे लोगों ने बाइक के दो शोरूम, एक अस्पताल को आग के हवाले कर दिया। दूसरे समुदाय के गांव में जाकर दो घरों को फूंक दिया। डीएम, एसपी समेत आसपास के जिलों की फोर्स पहुंची। पीएसी के जवान भी पहुंचे, लेकिन दोपहर तक हालात काबू नहीं कर पाए। तब एडीजी एलओ व एसटीएफ चीफ अमिताभ यश और गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता ने बहराइच पहुंचकर मोर्चा संभाला। आंसू गैस के गोले दागकर और लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा गया। प्रशासन ने इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगा दी। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते रहे। अधिकारियों को निर्देश दिया कि सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाला कोई भी उपद्रवी बचना नहीं चाहिए।प्रतिमा विसर्जन को लेकर शुरू हुआ था विवाद महराजगंज कस्बे में रविवार को विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दूसरे समुदाय की आपत्ति के बाद शुरू हुए विवाद में रामगोपाल मिश्रा (24) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सोमवार सुबह रामगोपाल का शव घर पहुंचा, तो अंतिम यात्रा में 5 से 6 हजार लोग शामिल हुए। लाठी–डंडों के साथ आक्रोश से भरी भीड़ शव लेकर महसी तहसील पहुंची व शव सड़क पर रख प्रदर्शन शुरू कर दिया।भीड़ के हाथ जो लगा, उसे आग के हवाले करदियारामगोपाल की अंतिम यात्रा में जुटे लोगों में से करीब दो हजार लोग कस्बे और कबड़ियन पुरवा में घुस गए और तोड़फोड़–आगजनी की। कुछ घंटे तक पूरा इलाका भीड़ के कब्जे में रहा। भीड़ के हाथ जो लगा, उसे तोड़ दिया या आग के हवाले कर दिया। पुलिस लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़कर उनको खदेड़ रही थी, लेकिन लोग फिर जुटते रहे। पुलिस की और कंपनियों और उच्चाधिकारी के पहुंचने के बाद बवाल कुछ शांत हुआ। 10 पर केस, 26 गिरफ्तार इस मामले में अब्दुल हमीद, रिंकू उर्फ सरफराज, फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली समेत 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। 26 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर पहुंचे अफसरों ने संभाले हालात, स्थिति अब नियंत्रण में हालात बेकाबू होने पर सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ग्राउंड जीरो पर उच्चअफसरों के उतरते ही स्थिति पूरी तरह सेनियंत्रण में आ गई। सीएम के निर्देश पर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश और गृह सचिव संजीव गुप्ता मौके पर पहुंचे।स्थिति संभालने के लिए चार आईपीएस अफसर, दो एएसपी, 4 डीएसपी को तैनात किया गया। मौके पर 12 कंपनी पीएसी, दो कंपनी सीआरपीएफ, एक कंपनी आरएएफ तैनात है। बहराइच में स्थिति अब नियंत्रण में है।


## चाइनीज मांझे से काटा प्रेमिका का गला, फिर ढाई साल के मासूम को किया जिंदा दफन



मेरठ से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. जहां आरोपी ने शादीशुदा प्रेमिका का चाइनीज मांझे से गला काट दिया और उसके ढाई साल के बच्चे को जिंदा ही गड्ढा खोदकर दफन कर दिया. इसके बाद आरोपी प्रेमिका को मरा समझकर वहां से फरार हो गया. इस वारदात की कहानी सुनकर किसी की भी रूह कांप जाएगी. मेरठ के लोहियानगर थाना इलाके के नरहाडा गांव की रहने वाली नजराना का निकाह परतापुर थाना इलाके के रहने वाले निज से हुआ था. नजराना के दो बेटे थे. इसी दौरान उसका पड़ोस में रहने वाले सालिम नाम के युवक से प्रेम प्रसंग हो गया. लेकिन, किसी बात को लेकर दोनों में कुछ वक्त पहले अनबन हो गई. इसी दौरान नजराना अपने मायके चली गई. इस दौरान वो घर से खरीददारी के नाम पर छोटे बेटे को लेकर घर से निकली थी. ढाई साल के मासूम को जिदा दफनाया तभी सालिम ने उसे मिलने के लिए बुला लिया. मुलाकात के दौरान दोनों में कहा. सुनी हुई, जिसके बाद सालिम का गुस्सा सातवें आसमान पर चला गया और उसने चाइनीज मांझे से उसका गला काट दिया. इसके बाद उसके नजराना को मरा समझकर छोड़ दिया और फिर उसके ढाई साल के बेटे को गड्ढा खोदकर जमीन में जिंदा दफन कर दिया. परतापुर थाना इलाके के फ्लाई ओवर के पास लोगों ने जब खून से लथपथ महिला को तड़पते देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी महिला का गला काफी गहरा कटा हुआ था. जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया. पूछताछ में महिला ने इशारों में अपने बारे में बताया और पुलिस को मायकेवालों का फोन नंबर दिया. जिसके बाद पिता अब्दुल हमीद मौके पर पहुंचे. घर से शॉपिंग के लिए निकली थी पीड़ितापीडिता के पिता ने बताया कि वो कलियर शरीफ जाने के लिए घर से शॉपिंग की बात कहकर निकली थी. जब उन्होंने बच्चे के बारे में पूछा तो नजराना ने इशारों में उसके बाद में बताया और सालिम के बारे में जानकारी दी. उसने बताया कि बेटा भी उसी के पास है. इधर आरोपी सालिम को लगा कि नजराना मर चुकी है. जिसके बाद वो इत्मीनान से घर जाकर सो गया. सालिम के बारे में जानकारी मिलते ही पुलिस ने उसके घर पर दबिश डाली और उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने जब ढाई साल के मासूम के बारे में सवाल किया तो सालिम ने जो कहा उसे सुनकर पुलिस के भी होश उड़ गया. सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि सालिम ने बच्चे को जिंदा गड्ढे में दफन कर दिया है. आरोपी की निशानदेही पर जब बच्चे को निकाला गया तो उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने आरोपी सालिम को गिरफ्तार कर लिया है. एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि नजराना के पति की गैर मौजूदगी में सालिम घर पर ही रहता था. दोनों में किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी. पुलिस ने बच्चे को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं नजराना की हालत अभी गंभीर बनी हुई है.

## चांदनी रात में ताजमहल का करना है दीदार तो टिकट करें बुक, फूल हो रहा स्टॉक

### शरद पूर्णिमा 17 अक्टूबर की है और शरद पूर्णिमा के अवसर पर 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक ताज का रात्रि दीदार होगा



ताजमहल दीदार की तमन्ना हर पर्यटक की होती है और यही वजह है कि राजाना बड़ी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक ताज दीदार को आते है पर ताज का दीदार अगर चांदनी रात में हो तो बात ही अलग है. चंद्रमा की रोशनी में सफेद इमारत ताजमहल ऐसा नजर आता है कि दूधिया रोशनी का सारा प्रकाश ताज के ऊपर ही आ रहा हो. चांदनी रात में ताजमहल की इमारत अलग ही रूप में चमकती है जिसका दीदार करना पर्यटकों के लिए एक अलग सा एहसास कराता है. अगर आपको भी रात में ताजमहल का दीदार करना है तो टिकिट बुक कर लीजिए क्योंकि शरद पूर्णिमा पर ताजमहल का रात्रि दीदार होगा. ताजमहल को रात में पर्यटकों के लिए खोला जाएगा और पर्यटक ताजमहल को चांदनी रात में निहारेंगे जिसको लेकर ऑनलाइन टिकिट को बुकिंग शुरू हो गई है. शरद पूर्णिमा पर ताजमहल का रात्रि दीदार रहेगा जिसको लेकर स्लॉट बुक हो रहे है. ताजमहल को शिल्पग्राम पार्किंग से पर्यटकों के ग्रुप बनाए जायेंगे जिसमे एक ग्रुप में करीब 50 पर्यटक शामिल होंगे. इसी तरह से ग्रुप में पर्यटकों को ले जाकर ताजमहल का रात्रि दीदार कराया जाएगा. शरद पूर्णिमा पर ताजमहल रात्रि दीदार के लिए शाम 8 बजे से लेकर रात्रि 12 तक के लिए खोला जाएगा.एक दिन में सिर्फ 400 टूरिस्ट कर पाएंगे दीदार ताजमहल का दीदार का दीदार करने वाले पर्यटक किसी रोमांच को छोड़ना नही चाहते है और यही कारण है कि शरद पूर्णिमा को लेकर टिकिट की बुकिंग तेजी से हो रही है. शरद पूर्णिमा 17 अक्टूबर की है और शरद पूर्णिमा के अवसर पर 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक ताज का रात्रि दीदार होगा. रात में पर्यटक ताजमहल को चंद्रमा की दूधिया रोशनी नहाते हुए देखेंगे.ताजमहल पर शरद पूर्णिमा पर ताजमहल पर चमकी का खासा क्रेज देखा जा रहा है. शाम 8 बजे से लेकर रात्रि 12 बजे तक 50–50 के ग्रुप में आधा घंटा के लिए ताजमहल दीदार कराया जाएगा और एक दिन में अधिकतम 400 पर्यटक ताज रात्रि दीदार कर सकेंगे. ताजमहल इंचार्ज एएसआई प्रिंस वाजपाई ने बताया कि रात्रि दीदार की तैयारी पूरी कर ली गई है , शरद पूर्णिमा पर 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक रात में ताज दीदार खुलेगा , पर्यटक ऑनलाइन टिकिट बुक कर सकते है.

## बहराइच हिंसा मृतक युवक के परिजनों से मिले मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ, मदद का आश्वासन दिया

**बहराइच** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच हिंसा में मारे गए युवक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें मदद का आश्वासन दिया। पीड़ित परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी के सामने अपनी मांगें रखी और न्याय की मांग की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ स्थित सीएम आवास पर बहराइच हिंसा में मारे गए युवक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें मदद का आश्वासन दिया।पीड़ित परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी के सामने अपनी बात रखी और न्याय की मांग की है। परिवार के साथ महसी के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह भी मौजूद रहे। बता दें कि रविवार को बहराइच के महाराजगंज कस्बे में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में रामगोपाल मिश्रा (24) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसके बाद हिंसा भड़क उठी। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रभावित क्षेत्रों में फोर्स तैनात की गई है।इसके पहले मीडिया से बातचीत में मृतक युवक के परिजनों ने न्याय की मांग की थी। उन्होंने कहा कि दोषियों का उनके सामने एनकाउंटर किया जाए और उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए।आक्रोशित भीड़ ने एक दर्जन से अधिक दुकानों में तोड़फोड़ व आगजनी की महसी के महराजगंज में विसर्जन जुलूस के दौरान हुए विवाद के बाद शुरू हुआ उपद्रव व आगजनी की घटना रविवार पूरी रात जारी रही। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने शहर की एक दर्जन से अधिक दुकानों में तोड़फोड़ व आगजनी की। यही नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रात में तोड़फोड़ की गई। शहर के अस्पताल चौराहे पर रेहुवा मंसूर निवासी रामगोपाल मिश्रा की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रही भीड़ रात लगभग 12 बजे उग्र हो गई। भीड़ ने अस्पताल चौराहे के पास स्थित नाई, टायर व एक किराना की दुकानों को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान आग बुझाने पहुंचे दमकल वाहन पर भी पथराव कर दिया।सूचना पर पहुंचीं एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ लाठी चार्ज कर लोगों को खदेड़ा। वहीं, लगभग इसी समय पीपल तिराहे के पास स्टीलगंज तालाब स्थित दुकानों पर भी आक्रोशित भीड़ ने धावा बोल दिया। भीड़ ने यहां एक बाइक में आग लगा दी, जिसकी आग एक कपड़े की दुकान में पहुंच गई। दुकान में रखा सामान जल गया। भीड़ ने चूड़ी, कपड़े की लगभग छह दुकानों को निशाना बनाया। दुकानों के शटर में तोड़फोड की। यही नहीं, आक्रोशित भीड़ का गुस्सा देर रात नए नानपारा बाईपास स्थित किराना समेत तीन दुकानों पर भी फूटा और यहां भी आगजनी व तोड़फोड़ की गई।

## विश्वविद्यालय गेट पर चढ़कर छात्रों ने किया हंगामा, पत्थर से तोड़ा ताला

आगरा में एनएसयूआई और समाजवादी छात्र सभा ने भ्रष्टाचार की जांच, छात्रसंघ चुनाव कराने और चीफ प्रॉक्टर को हटाने की मांग करते हुए सोमवार को 3 घंटे तक हंगामा किया। प्रदर्शनकारी छात्र विश्वविद्यालय के गेट पर चढ़ गए और पत्थर से ताला तोड़ दिया। पुलिस से बहस होने पर नारेबाजी करते हुए कुलसचिव कार्यालय घेर लिया। रास्ता रोककर धरने पर बैठ गए। कुलसचिव को ज्ञापन देकर 24 घंटे में मांग पूरी नहीं होने पर दीक्षांत समारोह का विरोध और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।पोस्टर–बैनर लेकर सैकड़ों छात्र करीब एक बजे विश्वविद्यालय के गेट संख्या तीन पर पहुंचे। गार्ड से गेट खोलने के लिए कहा। गेट नहीं खोलने पर गेट पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। आक्रोशित छात्रों ने पत्थर से गेट का ताला तोड़ दिया। पुलिस पहुंची और छात्रों को रोका, इस पर तीखी बहस हुई। छात्रों ने जुलूस निकालते हुए कुलसचिव कार्यालय घेर लिया। नारे लगाने लगे।एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव शर्मा और छात्र सभा के विश्वविद्यालय अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि मरम्मत और निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी को चीफ प्रॉक्टर बना दिया गया है। अन्य छात्र संगठनों से उनका व्यवहार सौतेला है।कहा कि भ्रष्टाचार की जांच, छात्रसंघ चुनाव कराने और चीफ प्रॉक्टर को हटाने की मांग पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन और दीक्षांत समारोह का विरोध करेंगे। प्रदर्शन में सतीश सिकरवार, अमित प्रताप यादव, राजन ठाकुर, अंकुश गौतम, कुलदीप दीक्षित, बलवंत यादव, ओम पंडित, ललित, जितेंद्र, ऋषभ, अजय, शिवम बघेल, मनीष यादव, उत्कर्ष उपाध्याय आदि मौजूद रहे।समिति बनाकर कराएंगे जांच कुलसचिव राजेश कुमार का कहना है कि छात्रों के आरोप और मांगों की जांच कराने के लिए समिति बना रहे हैं। चीफ प्रॉक्टर के एबीवीपी का पदाधिकारी होने की शिकायत पर उनसे स्पष्टीकरण भी मांग रहे हैं।

# दिल्ली के पार्क में बड़ा हादसा, जिम का टूल गिरने से मासूम की मौत

## डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर के अनुसार घटना के बाद बच्चे को अस्पताल ले जाया गया

पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर इलाके में एक पार्क में लगाए गए ओपन जिम के उपकरण के छाती पर गिरने से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई. इस घटना के बाद से इलाके में लोगों में एमसीडी और डीडीए अधिकारियों के प्रति गहरा आक्रोश है. दिल्ली पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मास्टर अरविंद के रूप में हुई है. दिल्ली पुलिस के मृतक के पिता सऊदी अरब में मजदूर के रूप में काम करते हैं. जबकि उसकी मां गृहिणी है. डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि रविवार को मोती नगर थाने में एक कॉल आई थी, जिसमें बताया गया था कि आचार्य श्री भिक्षु अस्पताल में पहुंचने पर एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया. मामले की जांच में पता चला कि बच्चा मोती नगर ए ब्लॉक में एक पार्क में खेल रहा था, जिसमें ओपन जिम है, तभी एक उपकरण उसके सीने पर गिर गया, जिससे वह बेहोश हो गया. बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. एमसीडी और डीडीए जिम्मेदारदिल्ली से बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने दावा किया कि पार्क में झूला गिरने से बच्चे की मौत हो गई, क्योंकि उन्होंने इस घटना के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से ला. परवाही को जिम्मेदार ठहराया. मृतक के परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग करते हुए स्वराज ने दावा किया कि पिछले साल भी इसी इलाके में ऐसी ही घटना हुई थी, जो स्पष्ट रूप से एमसीडी पार्कों के खराब रखरखाव



को दर्शाता है. बीजेपी सांसद ने यह भी दावा किया कि पुलिस ने स्थानीय बीजेपी नेताओं के हस्तक्षेप के बाद ही इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की. बता दें कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की वेबसाइट के अनुसार करीब 342 स्थानों पर ओपन जिम लगाए गए हैं. राष्ट्रीय राजधानी के पार्कों में बच्चों की मौत हो गई.

## फैक्टरी में काम करते समय बुजुर्ग महिला को लगा करंट

लोनी। बॉर्डर थाना क्षेत्र के राजीव गार्डन कॉलोनी में फैक्टरी में काम करने के दौरान बुजुर्ग महिला को करंट लग गया। उपचार के दौरान दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में महिला की मौत हो गई। महिला के पति ने फैक्टरी मालिक और वर्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।रामवीर निवासी गली नंबर–6 राजीव गार्डन कॉलोनी ने बताया कि उनकी पत्नी भूरी देवी (59) घर से कुछ दूर पर पाउडर कोटिंग की फैक्टरी में काम करती थीं। वह फैक्टरी में पैकिंग का काम करती थीं। फैक्टरी मनवीर सिंह की है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी फैक्टरी में काम करने गई थीं। करीब चार बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी पत्नी भूरी देवी (59) को करंट लगा है और दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती हैं। वह और परिवार के अन्य सदस्य दिल्ली के जीटीबी अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में पता चला कि भूरी देवी के नाम से कोई मरीज नहीं है। इसके बाद उन्होंने अस्पताल के स्टाफ से पूछा कि लोनी से किसी को करंट लगा है और भर्ती होने आया है। तब अस्पताल के स्टाफ ने किसी ओमवती देवी नाम की महिला के करंट लगने से घायल होने पर महिला के भर्ती होना बताया। उन्होंने ओमवती को जाकर देखा तो पता चला कि वह महिला ओमवती नहीं भूरी देवी हैं। भूरी देवी के साथ कोई नहीं था। डॉक्टरों ने बताया कि जो लोग भूरी देवी को भर्ती कराने आए थे, वह काफी देर से नहीं आए हैं। उन्होंने बताया कि भूरी देवी को मनवीर सिंह और उसके अन्य वर्करों ने भर्ती कराया है। मनवीर सिंह ने साजिश के तहत ऐसा किया है। उसकी लापरवाही से ही काम करने के दौरान भूरी देवी को करंट लगा है। फै. क्टरी मालिक और वर्करों ने उन्हें जानकारी नहीं दी और अस्पताल में भी गलत जानकारी दी। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## करंट की चपेट में आए बेटे को बचाने पहुंची मां की मौत, बेटा झुलसा

बरहजध्भलुअनी। क्षेत्र के कुईयां गांव में बिजली बोर्ड में प्लग लगाते समय एक युवक के शरीर में करंट की चपेट में आ गया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर खाना बना रही मां पहुंची। वह बेटे को छुड़ा दी, लेकिन खुद करंट की चपेट में आ गई। इसमें मां–बेटे गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने आनन–फानन में दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां मां की मौत हो गई, जबकि बेटे की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। परिजन शहर के एक नर्सिंग होम में उसका इलाज करा रहे हैं, जहां उसकी हालत पहले से बेहतर है।भलुअनी थाना क्षेत्र के कुईयां गांव निवासी रमेश चौहान का पुत्र नितेश 18 घर में पंखा चलाने के लिए बोर्ड में प्लग लगा रहा था। वह स्विच ऑन करते ही उसमें चिपक गया। उसके चिल्लाने की आवाज सुन मां भागमती देवी (40) खाना बनाना छोड़ भागती हुई पहुंची। वह बेटे को छुड़ाने लगी। मां अपने पुत्र को बचा ली, लेकिन वह गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन आनन–फानन में दोनों को इलाज के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चि. कत्सकों ने भागमती को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से झुलसे नितेश की हालत नाजुक देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन गोरखपुर न ले जाकर शहर के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज करा रहे हैं, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। भागमती के मौत की जानकारी होने पर पुत्र हितेश और दिव्यांग पुत्री नेहा का रो–रोकर बुरा हाल था। अभी परि. जनों ने मां के मौत की जानकारी नितेश को नहीं दी है। वह बार–बार मां के बारे पूछ रहा था। परिवार के अन्य सदस्य उसे आराम करने की सलाह दे रहे थे। इंस्पेक्टर भलुअनी रामाज्ञा सिंह ने बताया कि मौत की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## देवरानी के प्रेमी ने किया कत्ल घर में आपत्तिजनक हालत में दोनों को देखा, भेद न खुले इसलिए जेठानी को मार डाला

मुरादाबाद के दरियापुर गांव में महिला सीमा की हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, देवरानी को उसके प्रेमी के साथ सीमा ने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। किसी को पता न चले इसलिए सीमा को मौत के घाट उतार दिया।मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में महिला की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। महिला सीमा (35) की हत्या उसकी देवरानी सुधा के प्रेमी नीटू ने की थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जेठानी सीमा ने देव. रानी को उसके प्रेमी के साथ देख लिया था। इस कारण दोनों ने उसे मौत के घाट उतार दिया।सोमवार को सीमा का गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। उसके पति राहुल, ससुर, और देवर खेतों से लौटे तो उन्होंने सीमा की रक्तरंजित लाश कमरे के फर्श पर पड़ी पाई। घटना के समय घर में केवल सीमा और उसकी देवरानी सुधा मौजूद थीं। सुधा के हाथ–पैर बंधे हुए थे और मुंह में कपड़ा ठुंसा हुआ था।सुधा ने परिजनों को बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर सीमा की हत्या कर दी और उसे बंधक बना दिया। पुलिस को सुधा की बातों पर संदेह हुआ। लगातार पूछताछ के बाद सुधा टूट गई और उसने खुलासा किया कि उसके प्रेमी ने ही सीमा काकत्ल किया था।सीमा ने सुधा और उसके प्रेमी को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इसलिए यह बात किसी को पता नहीं चले दोनों ने उसे मार डाला। सुधा के प्रेमी नीटू उर्फ लिटिल को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

### ट्रेन में चढ़ते समय वृद्ध से हुई चूक, तभी मारा मौत ने झपट्टा चली गई जान



मथुरा के सौंख में जाजन पट्टी रेलवे स्टेशन पर भरतपुर जाने के लिए ट्रेन में चढ़ रहे बुजुर्ग का पैर फिसलने से वह नीचे गिर गए, तभी दूसरी रेलवे लाइन से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई।जीआरपी प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार को भरतपुर जाने के लिए जाजन पट्टी स्टेशन से अर्जुन सिंह (61) पुत्र दुर्ग सिंह ट्रेन में चढ़ रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसलने से वह रेलवे लाइन पर गिर पड़े। दूसरी लाइन से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।जीआरपी पुलिस ने आसपास के लोगों ने मृतक वृद्ध की पहचान कराकर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परि. जनों को सौंप दिया। अर्जुन घर से भरतपुर जाने के लिए निकलते थे। वे भरतपुर के एक स्कूल की बस चलाते थे।



# अब राजा बलवंत सिंह के नाम से जाना जाएगा बौनेर तिराहा, बनेगा गेट, लगेगी मूर्ति, शासन से मिली मंजूरी

## जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह का स्वागत करते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी

बौनेर तिराहा को अब राजा बलबंत सिंह के नाम से जाना जाएगा। यहां पर एक गेट बनेगा और राजा बलबंत सिंह की मूर्ति लगेगी। इसके प्रस्ताव को शासन ने मंजूरी दे दी है। अलीगढ़–दिल्ली हाईवे स्थित बौनेर तिराहा अब अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संस्थापक राजा बलवंत सिंह के नाम पर जाना जाएगा। यहां गेट बनाने के साथ ही राजा की मूर्ति भी स्थापित की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह ने इसका प्रस्ताव शासन को भेजा था। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पर्यटन मंत्री ठा. जयवीर सिंह ने मंजूरी दे दी ।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने 14 अक्टूबर को जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता ठा. श्योराज सिंह व जिला पंचायत के प्रतिनिधि प्रवीन राज सिंह का स्वागत व अभिनंदन किया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पाल सिंह, पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी अश्वनी सिंह के अलावा महिला जिलाध्यक्ष मीरा जादौन, जिलाध्यक्ष विवेक सिंह, राजकुमार सिंह, महानगर अध्यक्ष कौशल सिंह, आलोक सिंह चौहान आदि थे।



## मिठाई के साथ डिब्बा भी तौल रहे दुकानदार, ऐसा हो आपके साथ तो इस नंबर पर कर दें कॉल

दुकानदार नियमों को ताक पर रखकर मिठाई की कीमत में डिब्बे की बिक्री कर रहे हैं। इस तरह ग्राहकों के साथ खुलेआम ठगी की जा रही है। हालांकि इसे रोकने के लिए बांट माप विभाग ने कमर कस ली है। मिठाई विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी है कि यदि मिठाई के साथ डिब्बे की कीमत वसूली गई तो सख्त कार्रवाई होगी।दिवाली उत्सव पर मिठाई के कारोबार ने जोर पकड़ लिया है। ग्राहकों ने अभी से मिठाई की बुकिंग शुरू कर दी है तो मिठाई विक्रेताओं ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नवरात्र के बाद से ही मिठाई की दुकानों पर भीड़ जुटने लगी है। मिठाई की पैकिंग के लिए आकर्षक डिब्बे तैयार कराए गए हैं। दुकानदार नियमों को ताक पर रखकर मिठाई की कीमत में डिब्बे की बिक्री कर रहे हैं। इस तरह ग्राहकों के साथ खुलेआम ठगी की जा रही है। हालांकि इसे रोकने के लिए बांट माप विभाग ने कमर कस ली है। मिठाई विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी है कि यदि मिठाई के साथ डिब्बे की कीमत वसूली गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।मिठाई के साथ डिब्बे की कीमत वसूलने को लेकर हर साल त्योहारी सीजन में शिकायतें की जाती है। आमतौर पर ग्राहक दुकान पर पहुंचकर डिब्बे में मिठाई लेकर चला जाता है। ग्राहक इस पर कम ध्यान देता है कि डिब्बे का वजन 50 से 200 ग्राम तक होता है। ऐसे में वह मिठाई की कीमत में डिब्बा खरीदता है। कई बार शिकायतें होने पर बांट माप अभियान चलाता है तो दुकानदारों की मनमानी सामने आती है। अचल तालाब निवासी विकास ने बताया कि मिठाई की कीमत बहुत ज्यादा होती है, जबकि डिब्बे की कीमत बहुत कम। ऐसे में ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए दुकानदार डिब्बे में मिठाई देते हैं। हाथरस अड्डा निवासी आशुतोष ने बताया कि मिठाई दुकानदारों की मन. मानी पर लगाम लगानी चाहिएदुकानदार पर लगेगा पांच हजार जुर्मानाग्राहक को पूरी कीमत के साथ पूरा सामान लेने का अधिकार है। अगर पैसे पूरे लेने के बाद भी सामान पूरी मात्रा में नहीं दिया जाता तो ग्राहक इसकी शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारी को कर सकता है। विधिक माप अधिनियम 2009 की धारा 30 के तहत दुकानदार पर पांच हजार तक जुर्माना लगाने का प्रावधान है।इन इलाकों में हैं मिठाई की दुकानें सेंटर प्वाइंट, मदारगेट, रामघाट रोड, सा. सनीगेट, जीटी रोड, गांधी पार्क बस स्टैंड, नौरंगाबाद, जयगंज, खिरनीगेट, अचलताल, सराफा बाजार, रेलवे रोडआकर्षक डिब्बा लेने पर देनी होगी कीमतमिठाई और ड्राई फ्रूट्स की पेकिंग आकर्षक डिब्बों में की जाने लगी है। इन डिब्बों का वजन 200 ग्राम और उससे भी अधिक हो सकता है। ऐसी स्थिति में ग्राहक आकर्षक डिब्बे लेना चाहते हैं। इस संबंध में बांट माप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि ग्राहक आकर्षक डिब्बा लेना चाहते हैं तो डिब्बे की कीमत अलग से दे सकते हैं।इस नंबर पर करें शिकायतमिठाई की कीमत में डिब्बे की बिक्री होने की शिकायतें त्योहारी सीजन में मिलती हैं। इसे रोकने के लिए दुक. ानदारों को चेतावनी दी है कि यदि इस तरह के मामले सामने आए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर ग्राहक मोबाइल नंबर 8189094146 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।– प्रमोद कुमार, बांट माप निरीक्षण

## श्री सत्य साई सेवा संगठन, अलीगढ़ द्वारा विश्व छात्र दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

श्री सत्य साईं सेवासंगठन, अलीगढ़ के तत्वावधान में षविश्व छात्र दिवसष के अवसर पर एक चित्रकला प्रतियोगिता एस जी डी पब्लिक स्कूल, पचौरी नगर, चंदनिया में कराई गई । बाल जगत स्कूल, बेगम बाग में बच्चों को कलर्स और टॉफीयां बांटी गई ।समिति संयोजक इंजी चन्द्र भूषण शर्मा ने बताया कि भारत के मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रम को फौलादी और अभेद बनाने वाले पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम जी के जन्मदिन के सम्मान में हर साल 15 अक्टूबर को विश्व



छात्र दिवस मनाया जाता है । प्रतियोगिता कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के छात्र छात्राओं के बीच करायी गई ।प्रतियोगिता जल, वायु, ध्वनि प्रदूषण विषयों पर आधारित थीप्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक कला कप्रदर्शन किया । प्रत्येक क्लास में प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता बच्चों को पुरस्कार एवं टॉफियां प्रदान की गयीं इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ ललित मोहन अग्रवाल, बालविकास एवं आध्यात्मिक गुरु श्रीमती स्वदेश सिंह,समितिसंयोजक इंजी चन्द्र भूषणशर्मा एवंस्कूल कीप्रधानाचार्या सहित सभी अध्यापिकाओं ने सहयोग किया ।

## विश्व एनाटौमी दिवस पर देहदान के प्रति किया जागरूक देह दान कर्त्तव्य संस्था ने



हर वर्ष की भाँति इस बार भी साई आयुर्वेदिक मैडिकल कॉलेज व हॉस्पीटल जी टी रोड अलीगढ़ के सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों व चिकित्सकों (अध्यापकों) को विश्व एनाटौमी दिवस पर देहदान के प्रति देह दान कर्त्तव्य संस्था जागरूक किया ।देहदान कर्तव्य संस्था के सदस्य भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जे एन मैडिकल कॉलेज एनाटौमी विभाग के चेयरमैन प्रोफेसर फजल ऊर्रहमान ने दानी पार्थिव शरीर के बारे में बताते हुए कहा कि उसका एक एक अंग पढ़ाई के लिए जरूरी है। विभाग में पहुंचने पर ससम्मान पढ़ाई हेतु पूरी तरह से उपयोग किया जाता है ।उन्होंने इतिहास बताते हुए दानी व्यक्तियों के अनुकरणीय सहयोग को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता करते हुए देहदान कर्तव्य संस्था के अध्यक्ष डॉ एस के गौड़ ने कहा कि पार्थिव शरीर ना मिलने से अधिकतर मैडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों को प्राकृतिक अंगों के बारे में विस्तृत जानकारियां नहीं मिल पाती हैं। जिससे शिक्षित चिकित्सक बनने में व्यवधान आता है। हम लोग रूढ़ीवादिता को दरकिनार नहीं कर पाते। उसे जला कर प्रदुषण बढ़ाने में सहयोगी बन रहे हैं। रही बात अस्थियों की तो बाल या नाखून काट कर जल प्रवाहित कर संतुष्टि पा सकते हैं। आप विचार करें कि बिना पार्थिव शरीर योग्य चिकित्सक कैसे बनेंगे ? यदि शिक्षित चिकित्सक नहीं तो स्वस्थ रहने हेतु सही इलाज कैसे?डॉ गौड़ ने अपना मोबाइल नम्बर दे सभी का आह्वान करते हुए कहा कि आप केवल मृत्यु सूचना दें शेष कार्य संस्था करेगी। इसमें पारिवारिक सदस्यों को कतई परेशान नहीं किया जायेगा। उसे अनेकों ने नोट भी किया ।कॉलेज के डायरेक्टर डॉ अंकित गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनका व देहदान कर्त्तव्य संस्था का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि काफी लम्बे समय से अनेकों पार्थिव शरीर दे कर सहयोगी बन रही है। प्रिन्सिपल डॉ अंकुर सिंहल, डॉ माया कृष्ण, डॉ आशीष सिंह ने उपस्थित स्टाफ व विद्यार्थियों को देहदान हेतु प्रोत्साहित किया ।इस अवसर पर सह सचिव रक्त वीर अजय सिंह , डॉ राज कुमार , अजय राणा, कैलाश राठौड़ को भी शॉल दे कर सम्मानित किया गया। डॉ मिदत फातिमा एस आर,डा दिव्या वार्ष्णेय एस आर, डॉ राज लक्ष्मी नैयर जे आर, डॉ मुहम्मद जावेद, भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक आदि सहयोगी बने। संचालन बखूबी डॉ शमशेर सिंह ने किया ।

## हर रोज 37 हजार खर्च कर रहा निगम, मच्छरों का फिर भी नहीं निकल रहा दम

प्रतिदिन 240 लीटर डीजल, 24 लीटर पेट्रोल, 16 लीटर कीटनाशक खर्च होता है। औसत खर्च प्रतिदिन 21,360 रुपये डीजल, 2448 रुपये पेट्रोल पर और 480 रुपये कीटनाशक पर खर्च होते हैं। 32 कर्मचारियों का महीने के 12–12 हजार के हिसाब से महीने में 384000 रुपये हुए। यानि प्रतिदिन कर्मचारियों पर 12,800 रुपये का खर्च है। इस तरह नगर निगम का प्रतिदिन का खर्च 37088 रुपये है।अगर कर्मचारी, कीटनाशक और मशीनों पर होने वाले खर्च को जोड़ लिया जाए तो नगर निगम हर रोज फॉगिंग पर ही 37 हजार खर्च कर रहा है। लेकिन मच्छरों का हमला फिर भी कम नहीं हो रहा। रात को तो स्थिति यह है कि लोग ठीक से सो तक नहीं पाते हैं। डेंगू और मलेरिया के मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं शहर के लोग यह मानने को ही तैयार नहीं कि निगम कहीं फॉगिंग करा भी रहा है। हां वीआईपी इलाकों में जरूर शाम ढले ही फॉगिंग करने वाले दौड़ते नजर आ जाते हैं।नगर निगम की तरफ से मच्छरों को मारने के लिए फॉगिंग नहीं कराई जा रही है। मच्छरों से लोग परेशान हैं।–विशाल मेलरोज बा. ईपासइलाके में मच्छरों की भरमार, लेकिन नगर निगम फॉगिंग नहीं करा रहा है।–तारिक गांधी, फिरदौस नगर शहरी क्षेत्र में रोजाना फॉगिंग कराई जा रही है। 16 मशीनों व बैगपैक स्प्रे मशीनों से छिड़काव कराया जा रहा है। इसके अलावा 42 मशीनें नगर निगम में और आई हैं जिससे जल्द ही फॉगिंग कराई जाएगी।–राकेश कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त ये है नगर निगम का दावा

– 16 मशीनों से प्रतिदिन शाम को शहर में फॉगिंग 15 लीटर डीजल हर मशीन को प्रतिदिन

– 1.50 लीटर पेट्रोल प्रति मशीन को प्रतिदिन

– 1 लीटर मेलाथियान दवा

–32 कर्मचारी, मासिक वेतन 12–12 हजार रुपयेरोज का औसत खर्च नगर निगम के दावे के अनुसार, प्रतिदिन 240 लीटर डीजल, 24 लीटर पेट्रोल और 16 लीटर कीटनाशक खर्च होता है। औसत खर्च प्रतिदिन 21,360 रुपये डीजल, 2448 रुपये पेट्रोल पर और 480 रुपये कीटनाशक पर खर्च होते हैं। 32 कर्मच. ारियों का महीने के 12–12 हजार के हिसाब से महीने में 384000 रुपये हुए। यानि प्रतिदिन कर्मचारियों पर 12,800 रुपये का खर्च है। इस तरह नगर निगम का प्रतिदिन का खर्च 37088 रुपये है।इन इलाकों में हालात बेहद खराब फिरदौस नगर, गोविंदनगर, संजय गांधी कॉलोनी, शाहजमाल, भुजपुरा, नगला माली, नगला मान सिंह, नौरंगाबाद, नगला मेहताब, जीवनगढ़, धौर्रा, कुलदीप विहार, देवी नगला, रावणटीला, सराय हकीम, नई बस्ती, लच्छिमपुर, सारसौल, सासनी गेट, आगरा रोड, मथुरा रोड, प्रतिभा कालोनी, बरौला आदि इलाकों में मच्छरों ने जीना दूभर कर रखा है। इन इलाकों में फागिंग न होने की शिकायतें हैं।इन इलाकों पर विशेष ध्यान सरकारी दफ्तरों और अधिकारियों के आसपास का इलाका, विद्या नगर, सुरेंद्र नगर, किशोर नगर में जनप्रतिनिधियों के आवास वाले इलाके, सिविल लाइंस में एएमयू के आसपास फॉगिंग होती दिखाई देती है।

## पेड़ से टकराया टेंपों, साले की शादी में भात न्योतने जा रहे जीजा की मौत, एक बालक की भी गई जान, 11 घायल

अतरौली कोतवाली अंतर्गत गांव रा. जगांव चौराहा के निकट बाइक को बचाने के चक्कर में टेंपो पेड़ से टकरा गया। टेंपो सवार भात न्योतने दादों जा रहे थे। इसमें एक युवक और एक बालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 11 लोग घायल हुए हैं। हादसे से चीखपुकार मच गई। शादी वाले घर में खुशियां मातम में बदल गईं। अलीगढ़ के सरसौल निवासी सुरेश चंद के बेटे कुणाल की 12 नवंबर को शादी है। इसी तैयारी के क्रम में सुरेश चंद अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ भात न्योतने अपनी ससुराल दादों निवासी राम अवतार हलवाई के यहां जा रहे थे। उनके साथ टेंपो में उनके रिश्तेदार समेत करीब 12 लोग सवार थे। 15 अक्टूबर को अपराह्न करीब 2.15 बजे राजगांव चौराहा के निकट एक बाइक को बचाने के चक्कर में टेंपो चालक नियंत्रण खो बैठा और सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराया। हादसे से वहां चीख–पुकार मच गई। स्थानीय लोग और चौकी पुलिस आनन–फानन राहत कार्य में जुट गए। टेंपो में फंसे लोगों को बाहर




निकाला और सीएचसी भेजा गया। वहां सुरेश चंद के 38 वर्षीय दामाद योगेश कुमार पुत्र गंगा सहाय निवासी तालसपुर और छह वर्षीय प्रशांत राघव पुत्र मंगेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। हादसे में सुरेश, सुनीता, पूनम, खुशी, प्रीति, चंचल, सीमा, मिथलेश, अर्चना, शिवानी, मिथलेश घायल हो गए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# शरद पूर्णिमा पूजा 16 या 17 अक्टूबर कब ? जानें इस दिन लक्ष्मी पूजा




शरद पूर्णिमा कई मायनों में बेहद खास मानी जाती है. अश्विन माह के आखिरी दिन यानी पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहते हैं, इस रात को खीर बनाकर रात भर चांदनी में रखने का भी रिवाज है, कहते हैं कि शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा 16 कलाओं से पूर्ण होकर अमृत की वर्षा करता है.मान्यता है कि रात में जब खीर रखी जाती है तो उसमें भी अमृत के गुण आ जाते हैं, इसे ग्रहण करने पर आरोग्य मिलात है. दिवाली से पहले शरद पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी की विशेष पूजा का महत्व है. इसे कोजागर पूजा भी कहते हैं. जानें कोजागर पूजा की सही तारीख, मुहूर्त और महत्व.
कोजागर पूर्णिमा 2024 कबकोजागरी पूर्णिमा या कोजागर पूजा 16 अक्टूबर 2024 को है. यह पर्व मुख्य रूप से उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और असम में अश्विन पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा माना गया है कि इस दिन देवी लक्ष्मी अपने भक्तों के घर जाती है. माता लक्ष्मी के आठ स्वरूप है, इनमें से किसी भी स्वरूप का ध्यान करने से माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है.कोजागर पूजा 2024 मुहूर्त 2024अश्विन पूर्णिमा तिथि शुरू – 16 अक्टूबर 2024, रात 08.40अश्विन पूर्णिमा तिथि समाप्त – 17 अक्टूबर 2024, शाम 04.55
कोजागर पूजा निशिता काल – रात 11रू42 – प्रातरू 12.32, अक्टूबर 17
कोजागर पूजा के दिन चन्द्रोदय – शाम 05:05कोजागरी पूजा क्यों की जाती है
कोजागर पूजा का महत्व वालखिल्य ऋषि ने बताया है. कोजागर पूजा की रात्रि में माता लक्ष्मी जागरण कर रहे भक्तों को वर देने के लिए पृथ्वीलोक पर भ्रमण करने आती हैं.

जो भी भक्तगण दरिद्रता से घिरे हुये हैं, वे इस व्रत को अवश्य करें. जो भी मनुष्य इस दिन व्रत कर रात में मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं वह न सिर्फ इस जन्म में और दूसरे जन्मों में भी ऐश्वर्य, आरोग्य एवं पुत्र–पौत्रादि का आनन्द भोगता है. कोजागर व्रत कथा के अनुसार आश्विन पूर्णिमा की रात्रि में माता लक्ष्मी संसार में भ्रमण के लिए निकलती हैं तथा जो भी भक्त उन्हें जागता हुआ मिलता है देवी माँ उसको धन–धान्य से सम्पन्न कर देती हैं.

## तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 21 अक्टूबर तक का वीक कैसा रहेगा, पढ़ें राशिफल



तुला राशि वालों के लिए नया वीक सफलता लेकर आएगा. इस वीक आप किसी काम में इंवेस्ट कर सकते हैं. आप कुछ समय आत्म मनन और और अपने व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए भी जरूर दें. इस वीक आप बिजनेस में ज्यादा ध्यान नहीं दे पाएंगे.लव लाइफ में समय बर्बाद करने से अच्छा है करियर पर ध्यान दें.



वृश्चिक राशि वालों को इस वीक किसी चिंता व तनाव से राहत मिलेगी. भाईयों से रिश्ते अच्छे रहेंगे. शादी के लिए कोई रिश्ता आ सकता है. बिजनेस में छोटी–छोटी बातों पर ध्यान जरुर दें. जॉब चेंज करना चाहते हैं तो गुड न्यूज मिलेगी.



धनु राशि वालों के लिए आज से शुरु हुआ नया वीक शुभ लाभ लेकर आएगा. आपके सपने पूरे होंगे. आप समय की कीमत को अवश्य पहचाने. उचित समय पर उचित काम ना करने से आपको ही नुकसान होगा. धैर्य बनाकर रखें, सब अच्छा होगा. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें.
मकर राशि वालों की नए लोगों से मुलाकात हो सकती है. इस वीक आपके इच्छाएं पूरी हो सकती है.किसी जरुरी



निर्णय को लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरुर लें. किसी कंपनी में अगर आपने जॉब के लिए अप्लाई किया है तो आपको सफलता मिलेगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें.

कुंभ राशि वालों के लि इस वीक बेहत. रीन परिस्थिति रहेगी.आप अपनी किसी नकारात्मक बात को छोड़ने का संकल्प करें. युवा ला. परवाही से दूर रहें. वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं. बिजनेसमैन अपना समय प्रभावशाली और अनुभवी लोगों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने में लगाएं. हेल्थ का ध्यान रखें.





मीन राशि वाले इस वीक आपको किसी बात को लेकर खुशी रहेगी. हर शानदार अवसर का लाभ उठाने में आगे रहें. इस वीक आप कोई बड़ी चीज खरीद सकते हैं. बिजनेस में पैनी नजर रखें, आपके पीछे कोई गलत काम हो सकते हैं. हेल्थ का ख्याल रखें.

जननायक सम्रा
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक
आरती वर्मा द्वारा आशु
प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल,
अलीगढ़ से मुद्रित कराक
कार्यालय सरोज नगर ,
नम्बर 5, अलीगढ से
प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
भी विवाद का न्याय क्षेत्र जनप
अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।

आवश्यकता
न्दी साप्ताहिक सम
पत्र जननायक सम्रा
लिये जिला ब्यूरो
ण्डल ब्यूरो चीफ,ब्ल
ब्यूरो एंव संवाददाता
आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक करें
:8218049162,827340

## करवा चौथ की थाली में क्या क्या रखते हैं

हिंदू धर्म में करवा चौथ का व्रत म.हलाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है. महिलाएं करवा चौथ वाले दिन पति की लंबी उम्र के लिए पूरा दिन निर्जला व्रत रखती है. महिलाएं निर्जला व्रत पति की लंबी उम्र और अच्छी सेहत के लिए करती है. इस साल 20 अक्टूबर 2024, रविवार के दिन करवा चौथ व्रत रखा जाएगा. सभी सुहागिन महिलाएं विधि–विधान से चांद को देखकर पति की लंबी उम्र के लिए करवा माता से कामना करेंगी. इस दिन पूजा की थाली का भी विशेष महत्व होता है. पूजा की थाली में तमाम तरह की सामग्री को शामिल किया जाता है. जानते हैं करवा चौथ की पूजा थालीी में क्या क्या होना चाहिए?करवा चौथ वाले दिन पूजा की थाली में मुख्य रूप से इन 7 चीजों को रखना बेहद शुभ माना जाता है. इससे मां करवा खुश होती है. करवा चौथ पूजा की थाली सामग्री में करवा माता की फोटो रखें. क्योंकि करवा चौथ के दिन मां करवा की पूजा–अर्चना की जाती है.
करवा चौथ पूजा की थाली सामग्री में सींक भी रखना चाहिए. इसे माता की शक्ति का प्रतीक माना जाता है.
पूजन सामग्री की थाली में करवा को रखना बेहद जरूरी है. इनके बिना पूजा करना अशुभ माना जाता है.
पूजा की थाली में छलनी रखें. इस छलनी का प्रयोग सुहागिन महिलाएं चांद को देखने के लिए करती है.
करवा चौथ पूजा की थाली में आटे की लोई का दीया बनाकर रखें. ऐसा करने से मां करवा प्रसन्न होती है.
करवा चौथ का पूजा की थाली मे तांबे का लोटा रखना चाहिए. इस लोटे से सुहागिन महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देती है. पूजा की थाली में फल–फूल, सुहाग से जुड़ा सामान, जल, मिठाई, कुमकुम, रोली, चंदन, अक्षत और सिंदूर रखें.
करवा चौथ 2024 पूजा का शुभ मुहूर्तइस साल करवा चौथ 20 अक्टूबर, रविवार के दिन है. करवा चौथ की पूजा का शुभ मुहूर्त कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर को शाम 05 बजकर 46 मिनट से लेकर शाम 07 बजकर 02 मिनट तक है. करवा चौथ पूजन के लिए शुभ मुहूर्त की अवधि 1 घंटे 16 मिनट है. वहीं चंद्रोदय 07 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगा. जिसके बाद सुहागिन महिलाएं चांद को अर्घ्य देकर अपने व्रत का पारण करेगी.

## इसी साल शुरू किया है स्टार्टअप तो दिवाली पर करें ऐसे पूजा, लक्ष्मी जी हो जाएंगी प्रसन्न

हिंदू धर्म में लोगों को दिवाली का बेसब्री से इंतजार रहता है. ये पर्व न सिर्फ जीवन में उजाला लाता है बल्कि धन, सुख, समृद्धि में भी वृद्धि ककरता है. भविष्य पुराण में दिवाली उत्सव व्यापारियों के उत्सव के रूप में बताया गया है और बाजारों में रोशनी करने, शाम को लक्ष्मी पूजा करने और खुशियां मनाने का विधान है.दिवाली पर मां लक्ष्मी की पूजा करने से सालभर तरक्की और धन में कोई कमी नहीं आती है. अगर आपने भी इस साल स्टार्टअप शुरू किया है तो दिवाली के दिन मां लक्ष्मी की पूजा कैसे करें, क्या है विधि और नियम यहां जानें.इस साल दिवाली 31 अक्टूबर और 1 नवंबर दोनों दिन मनाई जाएगी. दिवाली पर घर और ऑफिस में की जाने वाली लक्ष्मी पूजा में थोड़ अंतर होता है. व्यवसाय में वृद्धि तथा सुख–समृद्धि के साथ अपना कारोबार आगे बढ़ाने के लिए दीपावली के दिन लक्ष्मी जी और गणेशजी की पूजा पूरे विधि विधान के साथ करनी चाहिए.बिजनेस में सफलता के लिए ऐसे करें दिवाली पर पूजा दिवाली के दिन माँ लक्ष्मी की पूजा करने से पहले ऑफिस या व्यवसाय के पूजा स्थल को गंगाजल से छिड़कर शुद्ध कर लें.मुख्य द्वार पर रंगोली बनाएं. बंदनवार लगाएं. इस दिन रात में भीअब शुभ मुहूर्त ऑफिस के पूजा स्थल पर एक चौकी रखें, लाल कपड़ा बिछाकर उसपर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें.पूजा के समय मूर्ति का मुख पूर्व या पश्चिम दिशा की ओर होना चाहिए.दीपक जलाएं और गणेश जी की पंचोपोचार से पूजन कर मां लक्ष्मी की पूजा करें.माँ लक्ष्मी को फल, फूल, मिठाई, खील, बताशे आदि चढाएं.दिवाली की पूजा करते समय 11 छोटे दिए और एक बड़ा दिया जलाएं. छोटे दीपक मुख्य द्वार के दोनों ओर रखें.अब पैसों से जुड़े जरूरी कागजात एवं अकाउंट्स की फाइलों की पूजा करें. लाल रंग के कुमकुम से उन पर शुभ–लाभ लिखें. ये बेहद शुभ माना जाता है.जहां पैसे रखते हैं (गल्ला) उसकी पूजा करें. इस दिन श्रीयंत्र की स्थापना भी कर सकते हैं.
यदि आपकी ज्वेलरी, मिठाई, किराने आदि की दुकान है, तो तराजू की पूजा करना न भूलेंमां लक्ष्मी की आरती करने के बाद सभी में प्रसाद बांट दें.
दिवाली पर ध्यान रखें ये बातें दिवाली के दिन आपके कार्यस्थल पर गंदगी न होने दें. इससे लक्ष्मी जी रूठ जाती है.काले रंग के वस्त्र पहनकर पूजा न करें. मां लक्ष्मी की पूजा में ये रंग वर्जित है.दुकान या आपके कार्यस्थल पर इस दिन रात को भी अंधेरा न होने दें. एक दीपक मुख्य द्वार पर जलाकर रखें. सीरिज भी लगा सकते हैं.

## प्रेमानंद महाराज राधारानी के परमभक्तों में से एक माने जाते हैं




वृंदावन के प्रेमानंद महाराज एक चर्चित संत हैं। सोशल मीडिया पर हर रोज उनके प्रवचन से जुड़े वीडियो वायरल होते रहते हैं। उनका जन्म कानपुर के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। उन्होंने 13 साल की उम्र में घर छोड़ दिया था। छोटी उम्र में ही वह संन्यासी का जीवन जीने लगे। उनके दादा जी भी संन्यासी थे। विराट कोहली, अनुष्का शर्मा, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जैसे लोग उनके भक्तों में शामिल हैं प्रेमानंद महाराज ने श्रीराधा राधावल्लभी संप्रदाय में दीक्षा ली है। वृंदावन आने से पहले वह ज्ञानमार्गी संन्यासी थे। बाद में श्रीकृष्ण लीला देखकर उनका मन बदल गया और वे भक्ति मार्गी बन गए। प्रेमानंद महाराज के गुरु का नाम संत श्रीहित गौरांगी शरण महाराज है। उनकी दोनों किडनी कई सालों से खराब हैं। वे डायलिसिस पर रहते हैं। प्रेमानंद महाराज ने अपनी एक किडनी का नाम राधा और दूसरे का नाम कृष्ण रखा है।कई भक्त प्रेमानंद महाराज को अपनी किडनी डोनेट करना चाहते हैं पर उन्होंने मना कर दिया है। इस हालत में भी वह हर रोज भक्तों को प्रवचन देते हैं। वह रोज सुबह तीन बजे दो किलोमीटर की पदयात्रा निकालते हैं। उनके दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो जाती है। वह अपने आश्रम श्रीहित राधा केली कुंज में रहते हैं। उन्होंने अपना जीवन राधा रानी की भक्ति सेवा में समर्पित कर दिया है।प्रेमानंद महाराज का असली नाम अनिरुद्ध कुमार पांडेय है। उनका बचपन बेहद धार्मिक माहौल में बीता। वह कम उम्र में ही घंटों भक्ति भाव में डूबे रहते थे। 13 साल की उम्र में उन्होंने संन्यासी बनने का निर्णय लिया और घर छोड़ दिया। सबसे पहले वह वाराणसी पहुंचे। वह यहां तुलसी घाट पर भगवान शिव और मां गंगा का ध्यान पूजन करते थे।